संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं

सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश

E-mail : idspssu@mp.gov.in, Phone : 0755-4094192

क्र./आई.डी.एस.पी./20/240 भोपाल, दिनांक 17.3.2020

प्रति,

समस्त निजि चिकित्सक म.प्र.।
अध्यक्ष नर्सिंग होम एसोशियसन म.प्र.।
अध्यक्ष इंडियन मेडिकल एसोशियसन म.प्र.।

विषय :— (COVID-19) बीमारी के उपचार के संबध में मार्गदर्शिका के संबंध में।

उपरोक्त विषय में लेख है कि विश्व में COVID-19 को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा महामारी घोषित किया गया है। अतः संक्रमण की गंभीरता को देखते हुये प्रदेश के निजि चिकित्सकों, नर्सिंग होम एसोसियशन तथा इडियन मेडिकल एसोसियशन को भी इस विषय में पूर्व में प्रशिक्षित किया गया है।

इस संदर्भ में भारत सरकार से प्राप्त Guidelines on Clinical management of severe acute respiratory illness (SARI) in suspect/confirmed novel coronavirus (nCoV) cases तथा "Discharge Policy of nCoV Case" संलग्न है। जिनका पालन आप करेंगें। इस संदर्भ में यह बताना उचित होगा Guidelines on Clinical management of severe acute respiratory illness (SARI) in suspect/confirmed novel coronavirus (nCoV) cases तथा "Discharge Policy of nCoV Case" में जिन देशों से आये हुए व्यक्तियों के लिए इस मार्गदर्शिका का पालन करना है उन देशों की संख्या निरंतर बढ रही है। आज दिनांक तक जिन देशों को इस श्रेणी में सम्मिलित करना है उसके संदर्भ में भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 16.3.2020 की शाम की Travel advisory संलग्न है।

किन्तु अद्यतन/नवीनतम देशों की जानकारी Ministry Of Health And Family Welfare की Web Site पर निंरतर उपलब्ध है। आपसे अनुरोध है आप निरंतर इस Web Site से संक्रमित देशों की सूची का अवलोकन करते रहें।

जिन व्यक्तियों में Covid-19 के लक्षण पाये जाते है तथा उनकी Travel History प्रभावित देशों से है उनको विषय में निम्नलिखित प्रारूप में जानकारी लेना सुनिशिचित करें तथा जिला आई.डी.एस.पी. यूनिट राज्य स्तरीय आई. डी.एस.पी. यूनिट (idspssu@gmail.com) को तत्काल सूचित करने का कष्ट करें।

स. क्र.	संभावित रोगी का नाम/पिता का नाम	लिंग	आयु	स्थाई/वर्तमान पता	मो0न0	ट्रेवल हिस्ट्री	लक्षण	आई.पी.डी./ओ.पी.डी.

इस संदर्भ में यह बताना उचित है कि चीन के अतिरिक्त कई देशों में लोकल ट्रान्समिशन आरंभ हो चुका है अर्थात् जो व्यक्ति संक्रमित देशों से नही भी आया है किन्तु किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आया हो उसके द्वारा भी COVID-19 रोग फैलने की आंशका है।

निरंतर.......

अतः आप लोग अस्पतालों में ओ.पी.डी. में Triage की व्यवस्था करें ताकि खांसी, जुकाम, तेज बुखार वाले मरीजों को अलग रखा जायें। ऐसे मरीजों का अस्पताल /ओ.पी.डी. में Entry व Exit को एकदम पृथक रखा जाये व सुनिश्चित किया जाये कि अन्य सामान्य रोगी उनके संपर्क में न आये।

वर्तमान परिस्थिति में प्रदेश में 800 से अधिक प्रभावित देशों से आये हुये यात्री चिन्हांकित किये गये है तथा पडोसी राज्यों में पॉजीटिव केसेस पाये गये है। प्रदेश में आज दिनांक तक पॉजिटिव केस नही मिला है परंतु स्थिति की गंभीरता को देखते हुये समस्त निजि चिकित्सकों, नर्सिंग होम एसोसियशन तथा इडियन मेडिकल एसोसियशन से अनुरोध है कि यदि कोई संभावित COVID-19 संकमित व्यक्ति निजि चिकित्सालय उपचार हेतु आता है तो उसकी सूचना जिला आई.डी.एस.पी. यूनिट को तत्काल उपलब्ध करायें।

17/03/2020

प्रतीक हजेला
(आयुक्त स्वास्थ्य)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.

पृ.क्र. /आई.डी.एस.पी. /20/ **भोपाल, दिनांक........................**
प्रतिलिपिः— कृपया सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2. मिशन संचालक, एन.एच.एम., अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल।
3. संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, भोपाल, म.प्र.।
4. समस्त क्षेत्रिय संचालक, स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.।
5. समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य सेवायें।
6. जिला सर्विलेंस अधिकारी / जिला एपिडिमियोलॉजिस्ट / प्रभारी जिला एपिडिमियोलॉजिस्ट, जिला भोपाल

17/03/2020

(आयुक्त स्वास्थ्य)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.